तापमान

| | | |
|---|---|---|
| भोपाल | 29.9° | 7.2° |
| इंदौर | 30.5° | 11.4° |
| जबलपुर | 26.4° | 7.6° |
| ग्वालियर | 21.7° | 8.3° |


दैनिक
# नईदुनिया

भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

वर्ष- 78
(भोपाल : वर्ष 40 अंक 38,पृष्ठ 12)
रविवार 5 जनवरी 2025
राजधानी संस्करण
कीमतः 3:00 रुपये


राजधानी... हमारी सरकार सभी वर्गों के कल्याण के लिए...

खेल... दूसरे दिन का खेल खत्म भारत ने 141 रन पर खोए 6 विकेट...

व्यापार... शेयर बाजार में लगातार दूसरे सप्ताह रही बढ़त...

देश-विदेश... अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड...

www.naiduniaonline.com

## ग्रामीणों के लिए सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित करना प्राथमिकता: मोदी

नई दिल्ली (एजेंसी)।

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि ग्रामीण भारत के लोगों के लिए सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित करना उनकी सरकार की प्राथमिकता है और इसलिए हर गांव में बुनियादी सुविधाओं की गारंटी के लिए अभियान शुरू किया गया है।**



प्रधानमंत्री ने नाबार्ड द्वारा यहां आयोजित चार दिवसीय ग्रामीण भारत महोत्सव 2025 का उद्घाटन करते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य गांवों को विकास और अवसर के जीवंत केंद्रों में बदलकर ग्रामीण भारत को सशक्त बनाना है। हमारी सरकार की मंशा, नीतियां और निर्णय ग्रामीण भारत को नई ऊर्जा के साथ सशक्त बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज भारत सहकारिता के माध्यम से समृद्धि प्राप्त करने में लगा हुआ है। उन्होंने कहा कि वर्ष की शुरुआत में ग्रामीण भारत महोत्सव का भव्य आयोजन भारत की विकास यात्रा की झलक और उसकी पहचान बना रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हममें से जो लोग गांवों में पैदा हुए और पले-बढ़े हैं, वे गांवों की क्षमता को जानते हैं। उन्होंने कहा कि गांव की आत्मा भी गांवों में रहने वालों में बसती है। उन्होंने कहा कि जो लोग गांवों में रहे हैं, वे गांव का सच्चा जीवन जीना भी जानते हैं। उन्होंने कहा कि वह भाग्यशाली हैं कि उनका बचपन एक छोटे से शहर में साधारण परिवेश में बीता। बाद में जब वे शहर से बाहर निकले तो उन्होंने ग्रामीण इलाकों में भी समय बिताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैंने कठिनाइयों का अनुभव किया है और गांवों की संभावनाओं से भी वाकिफ हूं। उन्होंने कहा कि बचपन से ही उन्होंने देखा है कि गांव के लोग मेहनती तो होते हैं, लेकिन पूंजी की कमी के कारण वे सही अवसरों से चूक जाते हैं। उन्होंने आगे कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में ग्रामीणों की अलग-अलग क्षमताएं होने के बावजूद वे अपनी बुनियादी सुविधाओं को पूरा करने की चाहत में खो जाते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि किसानों के सामने प्राकृतिक आपदाएं, बाजार तक पहुंच की कमी जैसी कई चुनौतियां हैं। श्री मोदी ने कहा कि यह सब देखने के बाद उन्होंने अपने मन को दृढ़ किया और चुनौतियों से निपटने के लिए प्रेरित हुए। आज ग्रामीण क्षेत्रों में किए जा रहे विकास कार्य गांवों से मिली सीख और अनुभवों से प्रेरित हैं। वह 2014 से लगातार ग्रामीण भारत की सेवा में लगे हुए हैं। उनका लक्ष्य एक सशक्त ग्रामीण भारत सुनिश्चित करना, ग्रामीणों को पर्याप्त अवसर प्रदान करना, पलायन को कम करना और गांवों के लोगों के जीवन को आसान बनाना है। उन्होंने कहा कि सरकार ने बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक गांव में एक कार्यक्रम लागू किया है। श्री मोदी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत हर घर में शौचालय उपलब्ध कराया गया, ग्रामीण भारत में करोड़ों लोगों को पीएम आवास योजना के तहत पक्के घर दिए गए और जल जीवन मिशन के जरिए गांवों में लाखों घरों में सुरक्षित और स्वच्छ पेयजल सुनिश्चित (शेष पेज 2 पर)


### जाति के नाम पर जहर फैलाने की साजिश को विफल करें

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गांवों के विकास से ही विकसित भारत का निर्माण होने का हवाला देते हुए शनिवार को कहा कि कुछ लोग जाति के नाम पर समाज में जहर फैलाने और सामाजिक ताने-बाने को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं। श्री मोदी ने नाबार्ड द्वारा यहां आयोजित चार दिवसीय ग्रामीण भारत महोत्सव का शुभारंभ करते हुए कहा कि गांव की पहचान में सद्भाव और प्रेम होता है लेकिन कुछ लोग जाति के नाम पर समाज में जहर फैलाने और सामाजिक ताने-बाने को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं, श्री मोदी ने इन साजिशों को विफल करने और गांव की साझा संस्कृति को संरक्षित करने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने गांवों को सशक्त बनाने और यह सुनिश्चित करने की दिशा में निरंतर काम करने की आवश्यकता पर जोर दिया कि संकल्प हर गांव तक पहुँचें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि गांवों के विकास से विकसित भारत का निर्माण होगा। श्री मोदी ने आग्रह किया कि पूरे गांव को सामूहिक रूप से अपने गांव में बने अमृत सरोवर की देखभाल करनी चाहिए। उन्होंने चल रहे 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान का उल्लेख किया और अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए इस पहल में भाग लेने वाले प्रत्येक ग्रामीण के महत्व पर बल दिया।

शाह ने महिला हॉस्टल सुषमा भवन का किया उद्घाटन, कहा

## केजरीवाल कहते थे सरकारी बंगला नहीं लेंगे, जनता के पैसों से बनवा लिया शीशमहल

**नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को नई दिल्ली में कामकाजी महिला छात्रावास सुषमा भवन का उद्घाटन किया। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दिल्ली सरकार पर जमकर निशाना साधा। आरोप लगाया कि केजरीवाल को जब दिल्ली के इंफ्रास्ट्रक्चर पर काम करने का मौका मिला, तब उन्होंने अपना भवन बनाने का काम किया।**



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि मेरे घर पर कुछ बच्चे मिलने आए थे तो मैंने उनसे पूछा कि केजरीवाल जी ने क्या किया? तो एक बच्चे ने कहा कि उन्होंने एक 45 करोड़ रुपये का शीशमहल खुद के लिए बनाया। राजनीति में आए तब कहते थे हम सरकारी गाड़ी नहीं लेंगे, सरकारी बंगला नहीं लेंगे। आज 50 हजार गज में दिल्लीवासियों के 45 करोड़ रुपये से अपने लिए शीश महल बनाया। केजरीवाल को दिल्ली की जनता को हिसाब देना पड़ेगा। उन्होंने आगे कहा कि अरविंद केजरीवाल को जब दिल्ली के इंफ्रास्ट्रक्चर पर काम करने का मौका मिला, तब उन्होंने अपना भवन बनाने का काम किया। दिल्ली के इंफ्रास्ट्रक्चर की चिंता नहीं की। उन्होंने शराब घोटाला किया, मोहल्ला क्लिनिक के नाम पर भ्रष्टाचार किया और दवाओं के नाम पर घोटाला किया। इतना ही नहीं, सीसीटीवी के नाम पर घोटाला किया, बस खरीद में घोटाला किया और सबसे बड़ी घोटाला निजी सुविधाओं के लिए, अपना शीशमहल बनाने के लिए किया। दिल्ली की जनता को अरविंद केजरीवाल को जवाब देना पड़ेगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सुषमा स्वराज को भी याद किया। उन्होंने कहा कि मुझसे बांसुरी स्वराज मिलने आई थी और उन्होंने मुझे बताया कि कामकाजी महिला छात्रावास बनाया जा रहा है, जिसका नाम सुषमा भवन रखा जाएगा। तब मैंने खुद कहा था मुझे हॉस्टल का साइज नहीं पूछना है, मगर सुषमा जी के नाम से हॉस्टल बना है तो मैं यहां जरूर आऊंगा।

यहां आने का निमंत्रण मैंने मांग कर लिया है, क्योंकि इस हॉस्टल का उद्घाटन करना मेरे लिए आनंद का विषय है। उन्होंने आगे कहा कि इस भवन में करीब 80 बहनें काम करेंगी, उनके सुरक्षित रहने की सुविधा एक ऐसी नेता के नाम से जुड़ रहा है जो भारत की महिला शक्ति को जागरूक और संगठित करने की प्रेरणास्रोत रही हैं। सुषमा स्वराज हम सब भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए हमेशा पार्टी की महान नेता के रूप में चिर स्मरणीय रहेंगी। उन्होंने भारत के संसदीय राजनीति के इतिहास में सुषमा स्वराज ने एनडीए-1 और एनडीए-2 दोनों सरकारों में महत्वपूर्ण विभागों की मंत्री की जिम्मेदारी बखूबी संभाली। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, इस देश का लोकतांत्रिक इतिहास सुषमा स्वराज को विदेश मंत्री या स्वास्थ्य मंत्री के रूप में नहीं जानेगा, बल्कि उन्हें एक संघर्ष करने वाली विपक्ष की नेत्री के रूप में याद रखेगा। सुषमा ही थीं, जिन्होंने यूपीए-2 सरकार के 12 लाख करोड़ के घोटाले को संसद भवन में उजागर किया था। विपक्ष के नेता का पद लोकतंत्र में कितना महत्वपूर्ण होता है, इसका जब उदाहरण दिया जाएगा, तब सुषमा जी को जरूर याद किया (शेष पेज 2 पर)

खास-खबरें

### दिल्ली चुनाव के लिए भाजपा की पहली लिस्ट जारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा के उम्मीदवारों की पहली लिस्ट आ गई है। पहली लिस्ट में 29 नाम हैं। बीजेपी ने कालकाजी विधानसभा सीट से दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी के खिलाफ पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी को मैदान में उतारा है, जबकि नई दिल्ली विधानसभा सीट से अरविंद केजरीवाल के खिलाफ पूर्व सांसद प्रवेश वर्मा को टिकट दिया है। नई दिल्ली सीट से ही कांग्रेस ने पूर्व सीएम शीला दीक्षित के बेटे संदीप दीक्षित को अपना उम्मीदवार बनाया है। आम आदमी पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हुए कैलाश गहलोत को बिजवासन विधानसभा सीट से टिकट दिया है।

### महाकुम्भ के दौरान श्रद्धालुओं को न हो असुविधा: योगी

**अयोध्या (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को भाजपा कार्यकर्ताओं से बैठक के उपरांत प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय कुमारगंज के सभागार में जनपद के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री ने महाकुम्भ-2025 के दौरान अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा, क्लाइड मैनेजमेंट, आश्रय स्थल आदि को लेकर जानकारी हासिल की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रयागराज महाकुम्भ-2025 में 40-45 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना है।

## कृषि उपज का भंडारण और परिवहन वहन करेगी सरकार: शिवराज

**नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को कहा कि उत्पादक और उपभोक्ता राज्यों के बीच मूल्य का अंतर पाटने के लिये सरकार ने कृषि उपज का परिवहन और भंडारण का खर्च वहन करने का निर्णय लिया है।**



श्री चौहान ने यहां राज्यों के कृषि मंत्रियों के साथ मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक करते हुए कहा कि इस वर्ष कृषि क्षेत्र और संबद्ध क्षेत्र की विकास दर साढ़े तीन प्रतिशत से चार प्रतिशत के बीच रहने की संभावना है। इस बैठक में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के सचिव डॉ देवेश चतुर्वेदी और मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मंत्रालय के विभिन्न कार्यों की समीक्षा करते हुए शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि नए वर्ष में नए संकल्पों के साथ कृषि विकास व किसान कल्याण के कामों को हम तेज गति से आगे बढ़ाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले की प्राचीन से कहा था कि मैं तीसरे टर्म में तीन गुना ताकत से काम करूंगा, हम भी संकल्प लें कि अपनी पूरी क्षमता से काम में (शेष पेज 2 पर)

## भाजपा वह माचिस है जिसने मणिपुर को जला दिया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मणिपुर में हिंसा की ताजा घटना को लेकर शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) वह माचिस है जिसने पूर्वोत्तर के इस प्रदेश को जला दिया। खरगे ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि नरेन्द्र मोदी , आपकी मणिपुर की आखिरी यात्रा जनवरी, 2022 में भाजपा के लिए वोट मांगने को लेकर थी। 3 मई 2023 को राज्य में हिंसा भड़क उठी। 600 से अधिक दिन बीत चुके हैं और खबरों से अब पता चला है कि राज्य में गांव के गांव मिटा दिए गए हैं।



## दिल्ली को आम आदमी पार्टी ने 10 साल में किया बर्बाद: त्रिवेदी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि दिल्ली में वित्तीय आपदा है। हमें दिल्ली को बचाना है। इतने सालों में दिल्ली घाटे में चल रही है। आंकड़े बता रहे हैं कि दस साल निरंतर नीचे जाते जाते ये आज घाटे की तरफ आगे बढ़ गए हैं। पिछले 10 सालों में दिल्ली की वित्तीय स्थिति लगातार खराब होती गई है, जिससे घाटा बढ़ता गया है। आम आदमी पार्टी ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए राष्ट्रीय लघु बचत कोष (एनएसएसएफ) से 10,000 करोड़ रुपये उधार लेने की मांग की है। यह चिंताजनक और दुर्भाग्यपूर्ण दोनों है। आम आदमी पार्टी ने धीरे-धीरे दिल्ली की वित्तीय स्थिरता को बर्बाद कर दिया है। इसने दिल्ली के खजाने को लूटने में कई रिकॉर्ड बनाए हैं। दिल्ली में रेवेन्यू कलेक्शन भी काम हो (शेष पेज 2 पर)



## चुनाव के बाद पानी के गलत बिल माफ करेंगे : केजरीवाल

**नई दिल्ली (एजेंसी)। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हमारी सरकार बनने पर जिन लोगों के पानी के गलत बिल आए हैं, उनके सारे बिल माफ किए जाएंगे।**



श्री केजरीवाल ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन कर कहा कि दिल्ली में हमारी सरकार पिछले 10 साल से लोगों को मुफ्त पानी उपलब्ध करा रही है। हर महीने 20-20 हजार लीटर पानी हर परिवार को मुफ्त दिए जाते हैं। दिल्ली में लगभग 12 लाख से ज्यादा परिवारों के बिल जीरो आते हैं लेकिन मुझे जेल भेज कर पीछे से पता नहीं क्या किया कि लोगों के हर महीने हजारों- लाखों रुपए के बिल आने लगे। लोग अपने पानी के बिलों को लेकर त्रस्त हैं।

उन्होंने कहा कि हमारे दिल्ली के लोग किसी भी बात से दुखी और परेशान हो हम ये बर्दाश्त नहीं कर सकते।

### ब्रह्मपुत्र नदी पर चीन बना रहा बांध: प्रमोद तिवारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चीन ब्रह्मपुत्र नदी पर सबसे बड़ा बांध बनाने जा रहा है। इसे लेकर कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा। कांग्रेस नेता ने 21 सेकंड के वीडियो में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कई सवाल पूछे हैं। कांग्रेस सांसद ने कहा कि ब्रह्मपुत्र नदी पर चीन द्वारा बांध बनाए जाने से पूर्वोत्तर राज्यों की सिंचाई और बिजली परियोजना प्रभावित होंगी। विदेश मंत्रालय कुछ कहती है और केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री मोदी कुछ कहते हैं। मैं समझता हूं कि प्रधानमंत्री मोदी को देश की सेना पर भरोसा करना चाहिए।



## परमाणु वैज्ञानिक आर. चिदंबरम का मुंबई में निधन, मोदी ने जताया शोक


**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पोखरण परमाणु परीक्षण में अहम भूमिका निभाने परमाणु वैज्ञानिक एवं केन्द्र सरकार के पूर्व प्रमुख वैज्ञानिक सलाहकार डॉ. राजगोपाल चिदंबरम का शनिवार को मुंबई के जसलोक अस्पताल में निधन हो गया।



वह 88 वर्ष के थे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक डॉ. चिदंबरम ने जसलोक अस्पताल में तड़के तीन बजकर 20 मिनट पर अंतिम सांस ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डॉ चिदंबरम के निधन से गहरा दुख व्यक्त किया है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट किया कि डॉ. राजगोपाल चिदंबरम के निधन से बहुत दुख हुआ। वह भारत के परमाणु कार्यक्रम के प्रमुख शिल्पियों में से एक थे और उन्होंने भारत की वैज्ञानिक और सामरिक क्षमताओं को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्हें पूरा देश कृतज्ञता के साथ याद करेगा और उनके प्रयास आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेंगे।

## मोदी की तरफ से अजमेर दरगाह में पेश की गई चादर

**अजमेर (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से राजस्थान के अजमेर में सूफी संत ख्वाजा मोईनुद्दीन हसन चिश्ती के 813वें सालाना उर्स के मौके पर दरगाह में शनिवार को चादर एवं अकीदत के फूल पेश किए गए। केन्द्रीय अल्पसंख्यक मामलात मंत्री किरण रिजिजू ने श्री मोदी की ओर से दरगाह में पवित्र मजार पर चादर पेश की। श्री रिजिजू ने दरगाह के महफिल खाने में श्री मोदी की ओर से भेजे गये संदेश को पढ़कर सुनाया। इसके बाद उन्होंने मीडिया से बातचीत में बताया कि वह सौभाग्यशाली हैं कि वह प्रधानमंत्री की चादर को लेकर दरगाह आये हैं। श्री रिजिजू ने कहा कि उन्होंने दरगाह में देश में अमन चैन के लिए दुआ मांगी है और दरगाह से संदेश पूरी दुनिया में जाता हैं।



स्पेशल खबर *पूरे देश में करेंगे जय बापू-जय भीम...*

## जय संविधान अभियान की शुरुआत: कांग्रेस

**नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस ने कहा है कि भाजपा संविधान विरोधी है और वह बाबा साहब अंबेडकर और महात्मा गांधी का अपमान करती है इसलिए कांग्रेस देश के हर जिले में चौपाल लगाकर देशवासियों को बताएगी कि भाजपा और आरएसएस कैसे गांधी जी और अंबेडकर का अपमान करती है।**

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि 17 दिसंबर को संसद में गृह मंत्री अमित शाह ने भीम राव बाबा साहेब अंबेडकर पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। हमें उम्मीद थी कि गृह मंत्री माफी मांगेंगे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस मामले में हस्तक्षेप करेंगे लेकिन श्री मोदी ने गृह मंत्री का साथ दिया और अंबेडकर के अपमान में साझेदार बने। बेलगावी की बैठक में भी यह मुद्दा उठा और तय किया गया कि पूरे देश में हम जय बापू-जय भीम-जय संविधान अभियान की शुरुआत करेंगे। इस अभियान के तहत हम हर जिले में चौपाल लगाकर लोगों को बताएंगे कि अंबेडकर का अपमान और संविधान को नीचा दिखाने का काम भाजपा आरएसएस दशकों से करती आई है। श्री खेड़ा ने कहा कि आज हम जय बापू-जय भीम-जय संविधान अभियान का पैम्फलेट जारी कर रहे हैं। ताकि ऐतिहासिक पृष्ठभूमि के साथ तथ्यात्मक तरीके से यह बताया जा सके कि कैसे देश की 90 प्रतिशत आबादी के खिलाफ भाजपा साजिश रच रही है। बाबा साहेब अंबेडकर का अपमान या उनके खिलाफ साजिश इस देश के 90 प्रतिशत लोगों के अधिकारों का हनन है, उस पर चोट है। यह देश संविधान से चलेगा।



## बांदीपोरा दुर्घटना में दो सैनिक शहीद, तीन घायल

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में शनिवार को एक सड़क दुर्घटना में दो सैनिक शहीद हो गये जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। अधिकारियों ने यहां यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कर्मियों को ले जा रहा सेना का ट्रक श्रीनगर बांदीपोरा राजमार्ग पर एसके पायीन इलाके के पास सड़क से फिसल गया और गहरी खाई में गिर गया । अधिकारियों ने बताया, घायल सैनिकों को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां उनमें से दो को मृत घोषित कर दिया गया। तीन घायल सैनिकों को इलाज के लिए श्रीनगर लाया गया है। दुर्घटना के बारे में सेना की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।